तापमान
अधिकतम 26.1 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


अशोक नगर के पास बने नाले में गाय गिरी, जिसे लोगों ने निकाला।

## खबर संक्षेप

### प्रधान मुख्य संरक्षण अधिकारी बने सतपथी

**बिलासपुर।** अनूप कुमार सतपती को बिलासपुर जोन का प्रधान मुख्य संरक्षण अधिकारी बनाया गया है। भारतीय रेल यातायात सेवा के



अनूप कुमार सतपथी उत्तर पूर्वी रेलवे गोरखपुर में प्रणान मुख्य परिचालन प्रबंधक के पद पर पदस्थ थे, जिनका स्थानांतरण बिलासपुर एसईसीआर जोन में प्रधान मुख्य संरक्षण अधिकारी के पद पर किया गया है। श्री सतपथी के प्रथम नियुक्ति शहडोल में क्षेत्रीय प्रंधक के रूप में हुई थी। इसके बाद उन्होंने सीनियर डीओएम चक्रधरपुर, डिप्टी सीसीएम बिलासपुर, सीनियर डीओएम नागपुर, सीनियर डीएसओ रायपुर, जीएम कोनकर्ण नागपुर, एडीआरएम नागपुर एवं डीआरएम विशाखापट्टनम के प्रमुख पदों पर भी कार्य किया। अनूप कुमार सतपथी एक मिलनसार एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी होने के साथ एक बेहतर प्रशासक भी हैं।

# शिवघाट बैराज पुल में तीन फीट गैप, पटिया लगाकर आवागमन कर रहे लोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

शिवघाट बैराज पुल के अंतिम छोर पर केबल डालने के लिए छोड़ी गई तीन फीट जगह आवागमन करने वालों के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। सरकंडा से मंगला जाने के लिए यह बैराज शार्टकट क काम कर रहा है, जिससे स्थानीय लोगों के द्वारा बैराज पुल पर पटिया लगाकर आवागमन किया जा रहा है, जो जानलेवा साबित हो सकता है।

अरपा नदी में शिवघाट पर बने बैराज पुल के ऊपर आवागमन के लिए रखा गया पटिया 'मखमल में टाट का पैबंद' नामक कहावत को शत प्रतिशत चरितार्थ कर रहा है। सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन के द्वारा अरपा पर शानदार बैराज बनाया गया है। हालांकि अभी यह पूर्ण रूप से तैयार नहीं हुआ है, लेकिन आवागमन के लायक तैयार है। बैराज पुल के अंतिम छोर पर तीन फीट गैप छोड़ दिया गया है, जिसका कारण देखने वालों की समझ से परे है। दरअसर इस गैप में बैराज के एक छोर से दूसरे छोर तक केबल बिछाया जाना है, लेकिन केबल बिछाने का काम पूरा नहीं हो पाने के कारण लोग पटिया रखकर आवागमन कर रहे हैं। दिक्कत यह है कि आवागमन के दौरान पटिया सरकने से वाहन चालकों के सीधे नदी में गिरने का खतरा है, जो जानलेवा साबित होगा।

### केबल डालने वाले डेढ़ महीने से गायब

शिवघाट बैराज पुल के अंतिम छोर पर जो गैप नजर आ रहा है वह आज-कल का नहीं है। बीते डेढ़ महीने से बैराज की यही स्थिति है। दुपहिया वाहन चालक अपनी सुविधानुसार पटिया के ऊपर से जैसे-तैसे वाहन निकाल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार केबल डालने वालों का विगत डेढ़ महीने से इंतजार किया जा रहा है, लेकिन वे नदारद हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिन लोगों को केबल का काम करना था, वे नदारद नहीं हैं, बल्कि पचरीघाट में भी यही काम कर रहे हैं। पचरीघाट का काम पूरा होते ही शिवघाट कार्य पूर्ण किया जाएगा।

### विद्युत मंडल को पत्र लिख चुके हैं

बैराज का गेट ऑपरेट करने के लिए यहां कंट्रोल रूम की स्थापना की जा चुकी है एवं विद्युत मंडल के द्वारा एक ट्रांसफार्मर भी लगाया जाना है। बैराज पुल पर केबल बिछाने के उद्देश्य से ही गैप छोड़ा गया है। केबल डलते ही गैप भर दिया जाएगा। इसके लिए विद्युत मंडल को पत्र लिखा जा चुका है।

**- पीएन श्रीवास्तव,** एसडीओ खारंग डिवीजन

### नेशनल हाइवे पर कार रोककर मनाया था बर्थडे

# बर्थडे गैंग ने फिर किया सड़क जाम पुलिस ने 12 युवकों को किया गिरफ्तार



सकरी थाने में गिरफ्तार युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रसूखदार युवकों ने देर रात नेशनल हाइवे पर 3 लग्जरी कारों को खड़े कर बर्थडे मनाया, कार के बोनट पर ही केक रखकर जन्मदिन मना रहे युवकों ने सड़क पर आवाजाही रोकने का प्रयास किया। इस दौरान युवकों ने सड़क पर जमकर आतिशबाजी की। युवकों को ऐसा करते देख आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। गश्त में पहुंची पुलिस की टीम ने इस मामले में 12 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

बिलासपुर में लगातार सड़क पर बर्थडे मनाने वालों पर पुलिस और कोर्ट का शिकंजा कस रहा है, लेकिन इसके बावजूद हर हफ्ते ऐसे युवकों की टोली मिल रही है जो सड़क पर बर्थडे मनाने के साथ हंगामा मचा रही है। ऐसा ही एक मामला सकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सामने आया है। बीती रात दर्जन भर युवक सकरी के पास नेशनल हाइवे पर कारों को पार्क कर बर्थडे मना रहे थे, युवक अपने जोश खरोश में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए आतिशबाजी भी रहे थे। इसकी जानकारी सकरी थाने को मिली, जिसके बाद पेट्रोलिंग पर निकली पुलिस की टीम ने युवकों को धरदबोचा। इस दौरान कुछ युवक पेट्रोलिंग गाड़ी को देख भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम दौड़ाकर उन्हें थाने ले आई। सड़क पर रास्ता रोककर यातायात बाधित करने और कार के ऊपर खतरनाक तरीके से जन्मदिन मनाने पर पुलिस ने 285 बीएनएस और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 119/177 व 122/177 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मौके से 3 कार जब्त कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अब युवकों के ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित करने की कार्रवाई कर रही है।

### कांग्रेस नेता के बेटे का था जन्मदिन

जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता के बेटे सुजल देवांगन का जन्मदिन था। अपने साथी और दोस्त सागर मनचंद, राजवीन हुरा, प्रिंस गागवानी, सचदेव, उत्कर्ष खरे, मुस्तका लक्ष्मीधर, पीयूष जायसवाल, पीयूष शिवहरे, रोशन मंगलानी, पल आहुजा और शुभम साहू के साथ हाइवे पर मौजूद थे। इसमें से ज्यादातर युवक प्रभावशाली परिवार से हैं और पहले भी इस तरह की हरकत करते लोगों ने उन्हें देखा है।



थाने में आरोपियों से जब्त की गई कार।

### 415 यात्रियों से वसूल किए गए 2 लाख 19 हजार

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन में महीनों बाद किलाबंदी टिकिट चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 415 यात्रियों से 2 लाख 19 हजार रुपए से अधिक राशि बतौर वसूली की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कमार सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक डीएस चौहान के नेतृत्व में बिलासपुर स्टेशन पर 4 दिसम्बर को किलाबंदी टिकिट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिलासपुर स्टेशन से आने-जाने वाली 16 ट्रेनों में चेकिंग के दौरान 415 यात्रियों से 2 लाख 19 हजार 595 रुपए बतौर जुर्माना राशि वसूल की गई। इसमें बिना टिकिट के 332 यात्रियों से 1 लाख 91 हजार 615 रुपए, अनियमित टिकिट के 72 यात्रियों से 26 हजार 980 रुपए, बिना बुकिंग किए गए लगेज के 11 यात्रियों से 1 हजार रुपए की वसूली शामिल है।



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### निगम ने पेश किया है हाईकोर्ट में जवाब

# 80 फीट चौड़ी हो जाएगी अपोलो जाने वाली सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो हास्पिटल जाने वाली रोड पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को स्व संज्ञान में दर्ज हुई जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूछा कि सड़क कब तक बन जाएगी। निगम की ओर से कहा गया कि अपोलो वाली सड़क, जो कि बसंत विहार चौक से अपोलो अस्पताल तक है, को चौड़ा करने का काम हाईकोर्ट के निर्देश पर किया जा रहा है। निगम ने अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया है। सड़क 80 फीट चौड़ी होगी और दोनों तरफ नाली बनाया जाएगा।

निगम के मुताबिक बसंत विहार चौक से मानसी गेस्ट हाउस होते हुए रपटा तक की सड़क को भी चौड़ा किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने से पहले, प्रभावित लोगों को वैकल्पिक बहतराई, सरोज विहार और आईएचएसडीपी योजना के आवास में जगह दी गई है। मानसी लॉज, चिंगराजपारा मार्ग से लेकर रपटा तक कई पुराने मकान और दुकानें सड़क निर्माण की सीमा में आ रही हैं।

निगम अधिकारियों का कहना है कि यह सड़क भविष्य में ट्रैफिक का मुख्य मार्ग बनने वाली है, इसलिए निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बेजा कब्जा हटाने की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है, जिससे वास्तविक मालिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### मरीजों को होती है परेशानी

बता दें कि अपोलो अस्पताल पहुंच मार्ग में सड़कें पर्याप्त चौड़ी नही होने से यातायात का संचालन प्रभावित होता है। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी होती है, इसी पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने कहा है कि सड़क इतनी संकरी है कि वाहनों का आसानी से चलना बहुत मुश्किल है और सड़क पर गड्ढे हैं। इसके अलावा, सड़कों के दोनों ओर अवैध अतिक्रमण है और अवैध अतिक्रमण पर बनी दुकानों पर आने वाले वाहनों की पार्किंग के कारण यातायात जाम की स्थिति पैदा होती है। अपोलो अस्पताल एक ऐसा स्थान है जहां जाने वाले अधिकांश लोग किसी न किसी आपातकालीन स्थिति का सामना कर रहे होते हैं। ऐसे में सड़कें पर्याप्त चौड़ी होनी चाहिए और यातायात का संचालन इस तरह से होना चाहिए कि मरीज कम से कम समय में अस्पताल पहुंच सकें।

## खबर संक्षेप

### छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष केडिया ने किया रेपोरेट घटाने का स्वागत



**बिलासपुर।** रिजर्व बैंक द्वारा रेपोरेट घटाने का छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ अध्यक्ष हरीश केडिया ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आज रिजर्व बैंक ने चौथी बार 0.25 प्रतिशत रेपोरेट घटाकर 5.25 प्रतिशत किया है। यह सराहनीय है। उम्मीद है कि सभी बैंक अब एमएसएमई सेक्टर के ऋण की दरों में कटौती करेंगे। उन्होंने कहा कि 6.50 करोड़ एमएसएमई. 25 करोड़ रोजगार 30% जीडीपी में योगदान निर्यात में 40% योगदान औद्योगिक रोजगार में 60% रोजगार है। इस सेक्टर के और भी विकास की गुंजाईश है। बैंक ब्याज दर का अत्यधिक होना इसके विकास में अवरोध बना हुआ है। रिजर्व बैंक की एमएसएमई की छत्तीसगढ उच्चस्तरीय कमेटी के एक मात्र अशासकीय सदस्य हरीश केडिया ने बैंक के मुख्यालय को ईमेल करके मांग किया कि सभी बैंकों को ब्याज दर कटौति का निर्देश देते हुए कड़ाई से पालन करवाए। रेपोरेट में कमी का स्वागत जिला उद्योग संघ अध्यक्ष सतीश शाह, महासचिव शरद सक्सेना, कोषाध्यक्ष राम सुखिजा के अलावा जिला उद्योग संघ के पूर्व अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, जितेन्द्र गांधी, अनिल सलूजा, अनिल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल चंद्रकांत भट्ट, सुनील मरदा, अरविंद गर्ग, एस.पी.चतुर्वेदी आदि शामिल हैं।

### पेंशनर्स एसोसिएशन के उपाध्याय संभागीय अध्यक्ष, बेदी जिला अध्यक्ष



**बिलासपुर।** छग अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन बिलासपुर संभाग का जेपी उपाध्याय को संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं मुंगेली जिला शाखा अध्यक्ष पद पर पवित्र सिंह बेदी की नियुक्ति की गई है। उनकी यह नियुक्ति छत्तीसगढ अधिकारी -कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव ने द्वारा की गई है।

### सीवी रमन यूनिवर्सिटी ने डा. चौधरी को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय के ग्रंथपाल डा. बीआर चौधरी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका डा. संगीता सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों में नेटवर्किंग का अध्ययन (छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में) आधारित है। प्रस्तुत शोध में छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय पुस्तकालय नेटवर्किंग पर एक संकल्पनात्मक मॉडल बनाया गया है। इस शोध में छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय पुस्तकालय नेटवर्किंग के संचालन के लिए दिशा–निर्देश एवं नीति–नियम का निर्धारण किया गया है।

### दीक्षांत समारोह में अटल बिहारी वाजपेयी विवि ने वैष्णवी को दी उपाधि



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय बिलासपुर में 4 दिसम्बर को आयोजित छठवें दीक्षांत समारोह में कुमारी वैष्णवी केवट को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। वैष्णवी केवट (बी एस सी स्नातक स्तर 2024 पर बायोलॉजी विषय में चौकसे कालेज से 79.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में 9 वां रैंक प्राप्त की थी। जिसका छठवां दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया । कुमारी वैष्णवी केवट पिता धनेश केवट निवासी मस्तूरी जिला बिलासपुर की रहने वाली है। वैष्णवी केवट ने चौकसे कालेज, अटल बिहारी वाजपेयी युनिवर्सिटी के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन की है।

### शीतकालीन स्पेशल चलेगी बिलासपुर-वलसाड़ 18 से

**बिलासपुर।** शीतकालीन स्पेशल बिलासपुर से बलसाड़ ट्रेन का परिचालन 18 दिसम्बर से किया जाएगा, जो दोनों स्टेशन के बीच चार-चार फेरा लगाएगी। रेलवे यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए बिलासपुर से वलसाड़ और वलसाड़ से बिलासपुर के बीच 4-4 फेरे के लिए साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने जा रही है। यह ट्रेन 08243 बिलासपुर-वलसाड़ शीतकालीन स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 18 दिसम्बर से 8 जनवरी तक प्रति गुरुवार को शाम 4 बजे और गाड़ी संख्या 08244 वलसाड़-बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल ट्रेन बनकर 19 दिसम्बर से 9 जनवरी तक प्रति शुक्रवार को शाम 4.50 बजे चलेगी। इसका वाणिज्यिक ठहराव भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बड़नेरा, अकोला, मल्कापुर, भुसावल, जलगांव, अमलनेर, नंदूरबार, चलथान, भेंसथान स्टेशन में दिया जाएगा। ट्रेन में दो एसएलआरडी, पांच सामान्य कोच, 10 स्लीपर कोच, दो एसी थ्री और एक एसी टू सहित 20 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

**यात्रा को अत्यधिक सुरक्षित व भरोसेमंद बनाया जा रहा** | **ट्रेनों के 1052 कोच पर सीसी कैमरे लगाने का काम शुरु**

# कोच में आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखेगा सीसी कैमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रेल मंडल और जोन के अन्य स्टेशनों से चलने वाली लोकल ट्रेनों में लगाए गए कई कैमरों की हालत खराब हो चुकी है। अब रेल प्रशासन सभी एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेनों कें अलावा 1052 कोच में कैमरे लगाने का कार्य शुरु कर दिया है, जिससे आपराधिक घटनाओं के साथ अन्य जानकारी मिल सकेगी।

रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए रेलवे स्टेशनों में काफी कार्य किया है। स्टेशन के प्लेटफार्मो पर यात्रियों के साथ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिसकी मानिटरिंग जीआरपी और आरपीएफ की टीम करती है। एसईसीआर बिलासपुर जोन के सभी मुख्य बड़े और छोटे स्टेशन सीसी कैमरे से लैस हो चुके हैं। रेलवे स्टेशन से अधिक यात्रियों के साथ अपराधिक घटनाएं चलती ट्रेनों में होती है। महिलाओं से अभद्र व्यवहार से लेकर यात्रियों के सामानों की चोरी, मारपीट, पाकेटमारी सहित अन्य घटना की शिकायत के बाद भी आरोपी पकड़ में नहीं आ पाते हैं। अपराधिक रोकथाम को रोकने के लिए रेलवे ने कुछ मुख्य ट्रेनें वंदेभारत, अमृतभारत के नए कोच को सीसी टीवी कैमरे से लैस कर दिया है। सबसे अधिक घटनाएं एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और पैसेंजर, लोकल ट्रेनों में होती है। वहीं कैमरों को ट्रेनों के इंजन में लगाए जाते हैं, ताकि किसी प्रकार की घटनाओं पर निगरानी कर उसकी जांच की जा सके। यह कार्य बिलासपुर डिवीजन से चलने वाली लोकल ट्रेनों में भी किया गया है, लेकिन कुछ दिन पहले लालखदान में मालगाड़ी से टक्कर हुई कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू के कोच और इंजन में लगाए गए कैमरे खराब निकल गए थे। इसके कारण जांच में काफी परेशानी हो रही है। इस तरह की घटनाओं को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने सभी जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से चलने वाली सभी ट्रेनों के कोच में सीसी कैमरे लगाने का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के बाद जोन मुख्यालय के अफसरों ने एक महत्त्वपूर्ण पहल के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 1052 यात्री कोचों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का निर्णय लिया है, इससे रेल यात्रा को और अधिक सुरक्षित तथा भरोसेमंद बनाया जा सके।

#### आरक्षित में चार और अनारक्षित में 6 कैमरे

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लगाए जाने वाले कैमरे कोचों के प्रमुख हिस्सों जैसे कि प्रवेश एवं निकास द्वारों के पास निगरानी के उद्देश्य से इंस्टॉल किए जा रहे हैं। आरक्षित कोचों में 4 और अनारक्षित कोचों में 6 कैमरे लगाए जा रहे हैं। इंस्टॉलेशन के दौरान यह विशेष ध्यान रखा गया है कि यात्रियों की निजता बनी रहे और साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ हो। रेल मंत्रालय के आदेश के बाद उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का चयन किया जा रहा है, जो कि स्पष्ट वीडियो फुटेज रिकॉर्ड कर सकें और कम रोशनी में भी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने इंडियाएआइ मिशन के तहत कैमरों से प्राप्त डेटा के विश्लेषण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की संभावनाओं को भी गंभीरता से तलाशने का सुझाव दिया है।

#### हो रहा है कार्य

जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से चलने वाली सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के अलावा इंजन में भी कैमरे लगाने का कार्य किया जाएगा। इससे काफी हद तक अपराधिक गतिविधियों और घटनाओं पर अंकुश लगेगा। इस कार्य के टेंडर प्रक्रिया भी जारी कर दी गई है।

-सुस्कर विपुल विलास राव
सीपीआरओ, एसईसीआर

**लिंगियाडीह में मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद गहराया**

# महिलाओं ने कहा- घर टूटेगा तो हम जिंदा नहीं बचेंगे, यह मांगें नहीं, हक है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह स्थित दुर्गा नगर वार्ड क्रमांक 52 में नगर निगम द्वारा गरीब निवासियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रभावित महिलाएं इसके विरोध में उतर आईं हैं। 100 से अधिक महिलाओं ने लिंगियाडीह चौक में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है जो कि पिछले 15 दिनों से जारी है। महिलाएं निगम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी कर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि वे दशकों से इस क्षेत्र में रह रही हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है। वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से घर बनाए हैं, जिन पर अब निगम का बुलडोजर चल रहा है। महिलाओं ने यह भी कहा कि घर टूटेगा तो हम जिंदा नहीं बचेंगे, यह मांगे नहीं, हक है जो चाहिए। इसके लिए जहर ही क्यों न पीना पड़े।

- 100 से अधिक महिलाओं का 15 दिनों से चौक पर धरना प्रदर्शन जारी

धरने पर बैठीं 100 से अधिक महिलाओं के मुताबिक यह संघर्ष अब सिर्फ भूमि विवाद नहीं बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। महिलाओं के साथ बच्चे भी चौक पर धरना देकर बैठे हुए हैं। विरोध स्थल पर बैनर, तख्तियां, रोष भी है। धरने पर मौजूद बच्चे स्कूल बैग और किताबें गोद में रखे बैठे हैं। महिलाओं के मुताबिक पढ़ाई, भविष्य, सुरक्षा सब कुछ तबाह कर नगर निगम किसके लिए गार्डन बनाना चाह रहा है। वार्ड के कांग्रेस पार्षद दिलीप पाटिल का कहना है कि निगम का उद्देश्य विकास नहीं, बल्कि कमजोर तबके को हटाने की नीति है। ध्यान रहे कि इस बारे में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट का घेराव भी किया था।



#### मकान तोड़ने पर रोक लगाने की मांग

धरने पर बैठीं महिलाओं ने बताया कि इन कार्रवाइयों से गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई लोग आज भी अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन हर महीनों में नए नाम से कुछ ना कुछ कार्रवाई की जा रही है। कभी सड़क चौड़ीकरण, कभी नाली निर्माण, कभी कॉम्प्लेक्स या पार्क विकास के नाम पर जीना हराम कर दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में असमंजस और भय का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर और निगम कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। इसमें प्रस्तावित मकान तोड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष गरीब परिवारों को राहत मिल सके।

#### स्थायी पट्टा मिला और ना सुरक्षा की गारंटी

यहां के लोगों ने बताया कि यह भूमि (लगभग 2.46 एकड़) पहले ही आबादी भूमि घोषित की जा चुकी थी। 2019 में छत्तीसगढ़ सरकार ने निर्णय लिया था कि निगम की भूमि पर बसे नागरिकों को पट्टा दिया जाएगा। इसके बाद भूमि का सर्वे हुआ और अतिरिक्त तहसीलदार ने पट्टाधारियों की सूची तैयार की। लोगों ने 10 रुपए प्रति वर्गफुट के हिसाब से प्रीमियम राशि भी निगम को जमा की। इसके बावजूद, न तो उन्हें स्थायी पट्टा मिला और न ही सुरक्षा की गारंटी। उल्टे अब निगम तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहा है। निवासियों का आरोप है कि नगर निगम अब तक 113 मकानों को तोड़ चुका है, और हाल में पार्क और कॉम्प्लेक्स बनाने के नाम पर नई कार्रवाई शुरू की गई है। इससे पहले भी लगभग चार माह पूर्व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर भी 150 से अधिक मकान और दुकानें तोड़ी गई थीं, लेकिन उस स्थल पर आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

#### रोकी गई है कार्रवाई

लिंगियाडीह में तोड़फोड़ की कार्रवाई फिलहाल कुछ दिनों के लिए रोकी गई है। कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया गया है। मैदानी अमला एसआईआर में व्यस्त है इसलिए अभी उसी तरफ ध्यान है। जल्द ही इस पर फैसला लिया जाएगा।

- प्रवीण शर्मा, जोन कमिश्नर

### अपना मार्ट का होलसेल हफ्ता के अंतिम दो दिन आज और कल




**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** अपनामार्ट का बड़ा 'होलसेल हफ्ता' 30 नवंबर से चल रहा है और अब सिर्फ दो दिन यानी 6 व 7 दिसंबर बचे हैं। सर्दियों की सीज़नल शॉपिंग का यह आख़िरी मौका है, भारी छूट और स्पेशल कॉम्बो पैक के साथ जो भी खरीदना है, अभी खरीद सकते हैं, ऑफर्स खत्म होने वाले हैं। ऑफर्स के तहत ड्राई फ्रूट, घी, शहद, च्यवनप्राश, हॉट सूप और अन्य विंटर-एसेंशियल्स पर 50% से अधिक तक की छूट।

बड़े पैक और फैमिली-सेवर कॉम्बो ताकि महीने भर का स्टॉक कम दामों पर मिल सके। सीज़नल हेल्थ प्रोडक्ट्स पर अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। इसमें राइस-मेला-बासमती और मिनिकेट जैसी लोकप्रिय वैरायटी थोक रेट पर उपलब्ध है। इसके अलावा मालामाल थर्सडे में मिला डबल ऑफर्स का लाभ। आलू, प्याज, चीनी, सोनाचूर चावल और तूर दाल जैसे आवश्यक आइटमों पर ज़बरदस्त ऑफर ग्राहकों को दिया जा रहा है। ये थर्सडे-ऑफर अपनामार्ट ऐप और स्टोर दोनों में मान्य हैं, सिर्फ़ 499 की खरीद पर लागू है। मालामाल थर्सडे में गुरुवार को जबरदस्त रहा । लोगो ने आधे दाम में आलू और प्याज़ खरीदे और सेविंग का लाभ लिया। बिलासपुर शहर की तैयारियां और तेज़ डिलीवरी में कांके, बरियातू, हरमू और रातू रोड के अपनामार्ट स्टोर्स पूरी तरह सज चुके हैं। हर कैटेगरी के लिए अलग होलसेल ज़ोन बनाए गए हैं। 10-मिनट ऑनलाइन डिलीवरी के लिए एक्स्ट्रा स्टाफ और एक्सीलेंट रूट-रूटिंग अरेंजमेंट किए हैं, ताकि आप तेज़ी से सामान पाकर घर लौट सकें। कंपनी का मकसद साफ़ है। इसके तहत एक ही सप्ताह में घर का सारा सामान सबसे किफायती दरों पर उपलब्ध कराना।

पिछले हफ्तों की बेहतरीन प्रतिक्रिया के बाद टीम इस बार और बड़ा, और किफायती पैकेज लेकर आई है। आखिरी दो दिन 6–7 दिसंबर को थोक रेट पर महँगे विंटर-प्रोडक्ट्स ले जा सकते हैं, फैमिली-सेवर कॉम्बो से ज्यादा बचत कर सकते हैं। इसके अलावा भी बहुत कुछ लाभ मिल सकते हैं।

## स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा को अमर ने दिखाई झंडी

**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स व स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में पूरे देश में भ्रमण पर स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा निकाली गई।

संत लालदास साहेब व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, ललित मखीजा ने झंडी दिखाकर रथ को सिंधु अमर धाम झूलेलाल मंदिर चकरभाठा से भ्रमण के लिए रवाना किया। तदुपरांत रथ बिलासपुर रवाना हुई। बिलासपुर में रथ का स्वागत देवकीनन्दन चौक पर विधायक अमर अग्रवाल व महापौर पूजा विधानी, कैट राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राकेश ओछवानी, शंकर बजाज, राजेंद्र खटवानी, बिलासपुर कैट महामंत्री हीरानंद जयसिंह, आशीष अग्रवाल, परमजीत उबेजा, देवकीनंदन व्यापारी संघ, कैट महिला टीम के पदाधिकारियों ने किया। सभा में राजू सलूजा, जितेंद्र गांधी, किशोर पंजवानी, शंकर बजाज कहा कि जैसे हमारे पूर्वजों द्वारा अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत कुछ त्याग किया ठीक अब हमें भी हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए विदेशी समानों का विदेशी कम्पनियों का त्याग करना होगा। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने देश को मजबूत बनाने अब स्वदेशी चीजे ही अपनानी जरूरी है, सभी की भागीदारी से ही देश को मजबूत किया जा सकता है। मंच का संचालन हीरानन्द जयसिंह ने किया। महापौर पूजा विधानी ने स्वदेशी अपनाने शपथ दिलाई। कार्यक्रम को सफल बनाने सुरेंद्र अजमानी, दिलीप खंडेलवाल, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज , राजेन्द्र खटवानी, अनिल गुप्ता, अरविंद वर्मा, संतोष पांडे, निहारिका त्रिपाठी, प्रतिज्ञा सिंह, बबिता ताम्रकार, सुमन द्विवेदी , नेहा दीप्त, रेशु शर्मा, डॉ सुशील श्रीवास्तव, अरुणा दीक्षित, डॉ देवेंद्र कौशिक, सोअमित्र गुप्ता, नारायण गिरी गोस्वामी ने किया। स्वदेशी रथ ने सदर बाज़ार गोलबाजार तेलीपारा, पुराना बसस्टैंड, अग्रेसन चौक, श्रीकान्त वर्मा मार्ग, व्यापार विहार, महाराणा प्रताप चौक होते हुए तखतपुर मुंगेली रवाना हुई।




## ओयू के चंद्रभूषण नए रजिस्ट्रार



**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में नए रजिस्ट्रार की नियुक्ति हो गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने सहायक प्राध्यापक चन्द्रभूषण मिश्रा को ओपन यूनिवर्सिटी का रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है और श्री मिश्रा ने ओपन यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार का कार्यभार संभाल लिया है।

ओपन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार चन्द्रभूषण मिश्रा शासकीय रेवती रमण कालेज सूरजपुर में सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ थे और उनके पास शासकीय भैयाधान कालेज के प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार भी था। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ओपन यूनिवर्सिटी का रजिस्ट्रार नियुक्त किए जाने के बाद श्री मिश्रा ओपन यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार का कामकाज संभाल लिए हैं। ओपन यूनिवर्सिटी में परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनीष कुमार साव करीब माहभर से रजिस्ट्रार का दोहरा प्रभार देख रहे थे। पिछले माह ओपन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सहायक प्राध्यापक भुवन सिंह राज को निलंबित कर दिया गया था। उनपर यह कार्रवाई राज्य शासन द्वारा विधानसभा ध्यानाकर्षण प्रश्न में त्रुटिपूर्ण व भ्रामक जानकारी देने की वजह से किया गया था। निलंबन अवधि में उन्हें रायपुर अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय में अटैच किया गया है। भुवन सिंह मार्च 2024 में ओपन यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार पद पर पदस्थ किए गए थे और वे करीब डेढ़ साल तक यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत थे। भुवन सिंह के निलंबन के बाद कुलपति प्रो. वीके सारस्वत ने यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक श्री साव को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से रजिस्ट्रार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। नए रजिस्ट्रार के आने के बाद अब श्री साव के पास केवल परीक्षा नियंत्रक का प्रभार रह गया है।

## एवीएम में नेवी डे पर विशेष सभा




**बिलासपुर।** भारतीय नौसेना दिवस पर आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में विशेष सभा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय नौसेना के इतिहास, महत्व, योगदान एवं बलिदान के बारे में जानकारी देना तथा उनमें देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय नौसेना को समर्पित प्रेरणादायक विचारों के साथ हुई। सभा में विद्यार्थियों को नेवी डे मनाए जाने के इतिहास, उद्देश्य और गौरवपूर्ण परंपरा की जानकारी दी गई। इसके उपरांत छात्रों से विभिन्न जीके प्रश्न भी पूछे गए, जिनका उद्देश्य उनकी जानकारी बढ़ाना और उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति जागरूक बनाना था। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उनके उत्तरों से उनकी विषय में रुचि स्पष्ट दिखाई दी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भारतीय नौसेना की संरचना, उनके प्रमुख अभियानों, जल-सीमा सुरक्षा, समुद्री व्यापार की सुरक्षा तथा प्राकृतिक आपदाओं में भारतीय नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि कैसे भारतीय नौसेना देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में दिन-रात तत्पर रहती है। छात्रों ने भारतीय नौसेना के साहस, पराक्रम और समर्पण को दर्शाते हुए सुंदर एवं प्रेरक पोस्टर तैयार किए। चेयरमैन अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय नौसेना हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न स्तंभ है और विद्यार्थियों को उनके अनुशासन, साहस और निष्ठा से प्रेरणा लेनी चाहिए। डायरेक्टर एस.के. जनास्वामी ने सेना की तीनों शाखाओं थल सेना, नौसेना और वायु सेना के योगदान पर प्रकाश डाला।प्रिंसिपल मधुलिका ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी तथा सभी बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

## कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्षों की आज क्लास लेंगे प्रदेश अध्यक्ष बैज

**बिलासपुर।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्षों की शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज क्लास लेंगे। इसके लिए सभी नए अध्यक्षों को रायपुर राजीव भवन बुलाया गया है। अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने के बाद कांग्रेस अध्यक्षों की यह पहली पार्टी मिटिंग होगी।

कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान चलाया है, जिसके तहत कांग्रेस संगठन में सारे 41 अध्यक्षों को बदल दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से एक सप्ताह पहले 41 संगठन जिलों के अध्यक्षों की नए सिरे से नियुक्ति की गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद नए शहर अध्यक्ष व जिलाध्यक्षों ने संगठन में काम करना शुरू कर दिया है। लेकिन प्रदेश स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और प्रदेश के बड़े नेताओं के साथ अभी तक इन नए अध्यक्षों की एक भी बैठक नहीं हो पाई थी। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से छत्तीसगढ़ के सभी जिलों, शहर के नए अध्यक्षों को पत्र जारी किया गया है, जिसमें उन्हें शनिवार को रायपुर राजीव भवन आने कहा गया है। बताया जा रहा है कि चूंकि कांग्रेस के नए अध्यक्षों की यह पहली बैठक है इसलिए प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज के अलावा छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के सीनियर नेता एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।

#### 32 लोगों ने की थी दावेदारी

बिलासपुर शहर अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री को बनाया गया है। संगठन सृजन अभियान के तहत शहर अध्यक्ष पद के लिए 14 लोगों ने दावेदारी की थी। इसी तरह ग्रामीण जिलाध्यक्ष पद के लिए करीब 32 लोगों ने दावेदारी की थी। अध्यक्ष बनने के लिए दावेदारों ने अपने-अपने तरफ से काफी जोरआजमाईश भी की और रायपुर से लेकर दिल्ली तक नेताओं के एप्रोच भी लगाए थे।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




वैकेंसी

## रेलवे में अप्रेंटिसशिप : रजिस्ट्रेशन शुरू, अंतिम तिथि 22 को




**बिलासपुर।** भारतीय रेलवे पटियाला रेल इंजन वर्क में अप्रेंटिसशिप के कुल 225 पदों के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। जो उम्मीदवार रेलवे में अंप्रेटिसशिप करना चाहते हैं, वे जल्द ही ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू कर दी गई है। साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 22 दिसंबर तक इन पदों पर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा फीस जमा करने की अंतिम तिथि 29 दिसंबर निर्धारित की गई है। अप्रेंटिसशिप में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु की गणना 22 दिसंबर के आधार पर की जाएगी। उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 15 वर्ष व अधिकतम आयु 24 वर्ष निर्धारित की गई है। साथ ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में पांच वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी।

आयोजन

## ग्रामीण व जनजाति क्षेत्र के विकास से विकसित हो सकता है देश



**बिलासपुर।** पातालेश्वर महाविद्यालय में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत- ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत मस्तुरी सरस्वती बिझवार, मुख्य वक्ता जितेंद्र ध्रुव,डॉ पी आर टाण्डेकर, डॉ मंजू पाण्डेय, सिद्ध राम पालके, कौशिल्या खैरवार, हितेश दाऊ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता ने कार्यक्रम का उद्देश्य, जनजाति समुदाय की संस्कृति, परंपरा और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायको के योगदान को विस्तार से बताया, मुख्य अतिथि ने जनजाति कला, संस्कृति, सभ्यता, धरोहरों का उल्लेख किया उन्होंने कहा कि ग्रामीण और जनजाति क्षेत्र का विकास कर देश का समग्र विकास किया जा सकता है।

कार्यक्रम

## कृषि विज्ञान केंद्र में मना विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस



**बिलासपुर।** विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज कृषि विज्ञान केंद्र में ''स्वस्थ मृदा स्वस्थ शहर'' थीम पर आधारित जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. शिल्पा कौशिक ने कार्यक्रम में मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। रासायनिक खादों से मृदा पर होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी। साथ ही प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अमित शुक्ला द्वारा मिट्टी की महत्ता के बारे में व उसके स्वास्थ्य को किस प्रकार सुधारा जाए इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जयंत साहू ने मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी तथा जांच के उपरांत मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी।

# जीवंत झांकियों व भव्य कलशयात्रा के साथ 24 कुण्डीय यज्ञ प्रारंभ

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में शक्ति संवर्धन हेतु 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुक्रवार से प्रारंभ हो गया, जिसमें पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यह आयोजन 5 से 8 दिसंबर तक आर.आर. रिसॉर्ट के पास सीपत रोड के पास किया जा रहा है। नगर का चौबीस कुण्डीय गायत्री महायज्ञ विभिन्न झाँकियों एवं भव्य कलश यात्रा के साथ में प्रारम्भ हो गया, मीडिया प्रभारी द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि 701 भव्य कलशों, विभिन्न प्रकार के प्रेरणाप्रद देवियों की जीवंत झांकियों के भव्य यात्रा शहर में भ्रमण की। महारानी लक्ष्मीबाई, स्वामी विवेकानंद, हरीतिमा संवर्धन की प्रेरणा, भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की जीवंत झांकी, नशामुक्त भारत अभियान के प्रेरणाप्रद पोस्टर- बैनर, सदवाक्यों, बैंड बाजा, करमा नृत्य आदि के साथ परम पूज्य गुरुदेव युगदृष्टा पं श्रीराम शर्मा आचार्य के साहित्यों को अपने सिर में रखकर के माताओं- बहनों द्वारा भव्य मांगलिक कलश यात्रा निकाली गई।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में विविध संस्कार एवं युग संगीत प्रवचन

### विधायक सुशांत ने किया स्वागत

कलशयात्रा का बीच- बीच में स्वागत भी किया गया, जिसमें क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने साथियों के साथ आकर के कलश यात्रा का स्वागत किए। इस यात्रा में सहयोग करने के लिए गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह के सभी ट्रस्टियों,आशीष गुरुकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, गायत्री शक्तिपीठ बिनोबानगर, प्रज्ञापीठ सरकंडा, चाँटीडीह, रेलवे क्षेत्र और ग्रामीण शहरी सभी समन्वयकों एवं परिजनों का सहयोग रहा।

### इन मार्गों से निकली यात्रा

कलश यात्रा गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह से निकलकर अपोलो हॉस्पिटल होते हुए प्रभात चौक, चिंगराजपारा होकर, पटवारी प्रशिक्षण केंद्र मेन रोड, बसंत विहार, राजकिशोर नगर की ओर, बजरंग चौक, शक्ति चौक, परशुराम चौक, कलचुरी आवास होते हुए आर.आर. रिसॉर्ट के पास यज्ञ स्थल पहुंच कर समाप्त हुई।

### तीन दिवसीय कार्यक्रम आज से

इस महायज्ञ 6, 7, 8 दिसम्बर को देवपूजन, गायत्री महायज्ञ, संगठनात्मक कार्यकर्ता गोष्ठी, विविध संस्कार एवं युग संगीत प्रवचन का कार्यक्रम होगा। इसमें पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, शिखा स्थापन, विद्यारंभ दीक्षा, जनेऊ, विवाह, वानप्रस्थ आदि सभी संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे। साथ ही जोड़ी में एक साथ बैठने वाले पति-पत्नी के लिए देव दंपती संकल्प पत्रक भी बनाए गए हैं। प्रत्येक कुंड में बैठने वाले देव दंपती अपना संकल्प पत्रक भर सकते हैं।



## दत्तात्रय जन्मोत्सव : गाए गए प्रभु पर आधारित भजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाराष्ट्र मंडल रेल्वे राम मंदिर, गजानन मंदिर में दत्त जन्मोत्सव की धूम

महाराष्ट्र मंडल रेल्वे, राम मंदिर व गजानन महराज मंदिर पारिजात कालोनी में दत्त जयंती के उपलक्ष्य में दत्त जन्मोत्सव उत्साह से मनाया गया। भाजी भाखर में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया। वहीं दत्त प्रभु पर आधारित भजन भी गाए गए।

उत्सव के पहले दिन मंगलवार को नागपुर से आईं शांभवी व प्रणिता लांबणे ने संयुक्त रूप से कीर्तन किया। दूसरे दिन बुधवार को गजानन महराज की कथा का वाचन किया गया। समापन पर गुरुवार को दत्त जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान बताया गया कि दत्त प्रभु का जन्म कैसे हुआ। वहीं महाराष्ट्र मंडल रेल्वे में दत्त जन्मोत्सव पर भगवान दत्तात्रेय का पूजन कर स्वर्ण चंपा फूल अर्पण किया गया। आरती, नैवेद्य अर्पण कर भजन गाए गए।

## गौ रक्षा के लिए युवा आएं आगे : गोपाल कृष्ण



बुढ़ा महादेव मंदिर रतनपुर प्रांगण में आयोजित श्री दत्तात्रेय जयंती महोत्सव में गौकथा वाचक गोपाल कृष्ण रामानुज दास ने गौ माता की महिमा पर प्रकाश डाला और कहा कि गौ माता जिस जगह खड़ी रहकर आनंदपूर्वक चैन की सांस लेती है, वहां सभी वास्तु दोष स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं। गौ माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है। गौ माता के गले में बंधी घंटी बजने से गौ आरती होती है। गौ माता के खुर में नागदेवता, गोबर में मां लक्ष्मी, मूत्र में गंगाजी, पूंछ में हनुमान भगवान, गौ माता के एक आंख में सूर्य व दूसरी आंख में चन्द्र देव का वास होता है। जो व्यक्ति गौ माता की सेवा पूजा करता है, उस पर आने वाली सभी प्रकार की विपदाओं को गौ माता हर लेती है। गौ माता को चारा खिलाने से तैंतीस कोटि देवी-देवताओं को भोग लग जाता है। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति की होनी चाहिए। राष्ट्र और गौ रक्षा के लिए युवाओं को आगे आना होगा। गाय कोई पशु नहीं बल्कि गाय हमारी माता है। गौ रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने गौ हत्या का विरोध और गौ माता की सेवा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महंत तारकेश्वरपुरी महराज गिरजाबंध हनुमान मंदिर, दैवज्ञ पं. रमेश शर्मा मंगल गौरी आश्रम, नरेन्द्रनाथ शर्मा, ललित अग्रवाल, अश्वनी दुबे, लवकुश कश्यप, अर्चना संतोष सोनी, विपुल शर्मा बिलासपुर गौसेवा धाम, सुनील अग्रवाल, अनिल शर्मा, सूरज कश्यप, प्रशांत यादव उपस्थित रहे।

## कायस्थ समाज द्वारा डॉ राजेन्द्र प्रसाद जयंती पर सम्मान



**बिलासपुर।** कायस्थ समाज द्वारा भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद जयंती के अवसर पर लखीराम स्मृति सभागार में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती एवं संस्थापक सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं तनिष्क वर्मा का गायन रखा गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल विधायक, विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी रहे। आलोक वर्मा अध्यक्ष कायस्थ समाज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अमर अग्रवाल ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद को स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी और भारतीय संविधान को लागू कराने में अहम भूमिका निभाने वाले देश भक्त बताया। कायस्थ समाज के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय जमुना प्रसाद वर्मा, लखन लाल श्रीवास्तव, काशी प्रसाद वर्मा, कमला वर्मा, श्याम श्रीवास्तव, जगदीश कुमार श्रीवास्तव,सरोज श्रीवास्तव, गिरजा सहाय व्यास, कृष्ण चंद्र वर्मा, विद्यानंद वर्मा, महादेव प्रसाद वर्मा, अश्वनी कुमार रायजादा, सुरेश चंद्र वर्मा, गिरजा शंकर सक्सेना, सावित्री वर्मा, सूरज प्रसाद वर्मा, भरत कुमार वर्मा, राजेंद्र कुमार वर्मा के परिजनों तथा विनोद श्रीवास्तव, राजेश वर्मा एवं विमला वर्मा को शाल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में कार्यकारिणी सदस्य अनिल व्यास, जयंत श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, रजनीश वर्मा, विजय किशोर वर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, आकांक्षा श्रीवास्तव, विभा वर्मा, वंदना वर्मा, जूही वर्मा, पदमजा सिन्हा, दीपिका श्रीवास्तव, प्रीति सक्सेना, के के वर्मा, गोवर्धन श्रीवास्तव, अशोक रंजन वर्मा, सर्वेश वर्मा का योगदान रहा।

## पूर्णिमा पर महिलाओं ने की नदी पर पूजा



**बिलासपुर।** कार्तिक पूर्णिमा पर कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं की जलाशयों में भारी भीड़ जुटी। स्नान और जल अर्पण के बाद महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान पूजा कर आर्शीवाद लिया। मंदिरों और जलाशयों के पास महिलाएं कृष्णा भक्ति में सराबोर रहीं। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है, मान्यता है कि इस दिन पूजा से सभी पापों का नाश होता है। यही वजह है कि भोर से ही महिलाओं की जलाशयों में भारी भीड़ जुटी। महिलाओं ने सूर्योदय से पहले स्नान कर दीपक जलाए। इसके बाद विधि-विधान से तुलसी पूजा की। समूह में शामिल महिलाओं ने जलाशयों में स्नान के बाद सूर्य को अर्घ्य दिया। ब्राह्मणों से कथा सुन दक्षिणा दी। ज्योतिषाचार्य पं अशोक त्रिपाठी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा का धार्मिक महत्व है। इस दिन स्नान और दीपदान करने से सभी पापों का नाश होता है।

स्पोर्टर्स न्यूज

# अटल विश्वविद्यालय की टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




खेलो इंडिया खेलो यूनिवर्सिटी गेम्स में राजस्थान में आयोजित हुई, इस प्रतियोगिता में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी से आठ क्वालीफाई टीम चयनित होकर 8 पुरूष व 8 महिला की टीम खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया।

इस प्रतियोगिता में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर की टीम भी क्वालीफाई की थी। इस प्रतियोगिता के दौरान खेले गए मैच में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से सेमीफाइनल मैच में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर को हार का सामना करना पड़ा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल मैच एल एन मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा विरुद्ध गुरु काशी विश्वविद्यालय बठिंडा पंजाब के बीच खेला गया। जिसमें मिथिला यूनिवर्सिटी ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। खेले गए फाइनल मैच में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी और मिथिला यूनिवर्सिटी के मध्य खेला गया जिसमें चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने शुरू से ही आक्रामक रूप से खेलते हुए स्कोर चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में 47 अंक बनाए जबकि मिथिला विश्वविद्यालय में 26 अंक बनाए एक तरफा 21 अंकों से मैच जीत हासिल कर चंडीगढ़ विश्वविद्यालय चैंपियन बने।

पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय के दो टीम दूसरा और तीसरे स्थान प्राप्त किया जबकि नॉर्थ जोन पंजाब के टीम प्रथम और चतुर्थ स्थान पर रही। इस प्रकार से अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर तीसरे स्थान पर रही और ब्रांच मेडल से संतोष करना पड़ा। मेडल प्राप्त होने पर कुलपति एडीएन बाजपेयी सहित विश्वविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी।

### टीम में ये थे खिलाड़ी

विश्वविद्यालय टीम की महिला खिलाड़ी नूतन, रुखसार, सरोजिनी, रूपल, संध्या, अनु, वंदना, किरण, सिमरन, रोशनी, पूजा आदि थे। टीम मैनेजर के रूप में डॉ बसंत,अंचल लगातार विश्वविद्याल को मेडल दिला रहे है। प्रशिक्षक के रूप में दिल कुमार राठौर महिला टीम मैनेजर सविता लकड़ा सभी के कुशल मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त हुई।

## तीरंदाजी में चांदनी ने जीता गोल्ड



42वीं एनटीपीसी सब जूनियर तीरंदाजी राष्ट्रीय प्रतियोगिता ईटानगर के अरूणांचल प्रदेश में आयोजित हुई, इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश आरचरी एसोसिएशन के 30 तीरंदाज, कोच, मैनेजर शामिल हुए।

इस प्रतियोगिता में इंडियन वर्ग में चांदनी साहू ने 30 मीटर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। तोरण यादव ने 20 मीटर में मेडल प्राप्त किया है। इंडियन वर्ग की टीम इवेंट में महिला वर्ग ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है, टीम इवेंट में चांदनी साहू, निकिता यादव, सरिता बघेल और सिमरन खुसरो तथा कोच प्रभु पोर्ते और बिन्देश्वरी देवी साथ में उपस्थित रही है। इस अवसर पर कैलाश मुरारका ने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन रिकर्व वर्ग में भी शानदार रहा। ब्वायस वर्ग में निशांत ने 8वां स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक विजय पर छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। रायपुर के लोकप्रिय सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश मुरारका, दीपेश अरोरा, रामलखन पैकरा, भरत मटियारा, वंदना उईके, इतवारी कोच, टीटी बेहरा, आत्माराम बंजारे सभी तीरंदाज, कोच ने बधाई दी है।

## एलसीआईटी कॉलेज के दो खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय फुटबाल में चयन



एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की दो फुटबॉल खिलाड़ी का चयन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 4 दिसंबर तक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की मेजबानी में आयोजित है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर सेक्टर फुटबॉल टीम में एलसीआईटी कालेज के खिलाड़ी कुणाल चौधरी व नीरज कुमार सिंह छात्र का चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों का चयन इंटर कालेज प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल प्रदर्शन किया जिस वजह से कालेज की टीम क्वाटर फाइनल तक का सफर तय किया था। इन खिलाड़ियों के चयन होने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय, शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता संघ तखतपुर का चुनाव आज



**तखतपुर।** अधिवक्ता संघ तखतपुर के चुनाव को लेकर तहसील परिसर में दिनभर गहमा-गहमी का माहौल रहा। सभी प्रत्याशी अपने अपने पक्ष में वोट के लिए प्रचार-प्रसार करते रहे। रविवार 6 दिसम्बर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा एवं मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा होगी। अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप तिवारी, सत्येंद्र जायसवाल, उपाध्यक्ष पारथ सिंह ठाकुर निर्विरोध, सचिव के लिए मलय कुमार जहानी, अजयपाल सोनकर, कोषाध्यक्ष के लिए नैनलाल साहू निर्विरोध, सहसचिव के लिए दुर्गा सिंह ठाकुर निर्विरोध, सांस्कृतिक सचिव रविकांत सोनी निर्विरोध, कार्यकारणी सदस्य दीपक देवांगन, श्रवण मिश्रा, आनंद बंशल भारत तोलानी, प्रदीप यादव, सनत यादव, सुखनंदन कश्यप, ललित यादव, हरेश कश्यप रविशंकर कौशिक हैं। यह जानकारी जनकराम प्रजापति सहायक निवार्चन अधिकारी एवं जुगल किशोर पांडेय निवार्चन अधिकारी ने दी।

### अग्रसेन कॉलेज में एचआईवी निकली जागरूकता रैली



**बिल्हा।** बिल्हा आज शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा के रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में छात्रों द्वारा एड्स के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को एचआईवी के कारण, लक्षण, रोकथाम और उपचार से संबंधित सही जानकारी प्रदान करना तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना था। रैली का शुभारंभ प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर की, रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, स्वयंसेवी संगठनों तथा आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर एचआईवी से बचाव के संदेश दिए तथा जागरूकता के लिए प्रेरक नारे लगाए। कार्यक्रम के समापन पर एचआईवी से संबंधित जागरूकता फैलाने तथा संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने की शपथ दिलाई गई। रेड रिबन क्लब प्रभारी खगेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों और प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### ट्राई का दूरसंचार जागरूकता कार्यक्रम



**लोरमी।** खुड़िया में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा दूरसंचार सेवाओं को लेकर महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्राई के सीएजी सदस्य डॉ नवीन श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को टेलीकॉम सर्विसेज, साइबर ठगी, फ्रॉड कॉल, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी, डीएनडी सेवा, एआई आधारित सुरक्षा उपायों तथा ट्राई माइ स्पीड एप्प की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उपभोक्ता सुरक्षा एवं शिक्षा फाउंडेशन के सचिव मीनाक्षी गौतम भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ग्राम पंचायत सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र पांडेय, पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि, इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीणों को जागरूक करने और डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ग्राम पंचायत सरपंच लता सोनवानी, जनपद सदस्य रुक्मणि रमेश बिंझवार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि, जानकारी से ग्रामीणों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।

### पुलिस का मानवीय पहल, ग्रामीण क्षेत्रों में बांटे गए गर्म कपड़े



**लोरमी।** पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए ग्रामीण अंचल में ठंड से बचने के लिए लोगों को गर्म कपड़े, कंबल व शाल आदि का वितरण किया। पुलिस ने सुबह-सुबह एटीआर के निचले सामान्य वन क्षेत्र से सटे क्षेत्र अधरिया, कठभुड़ा और राम्हेपुर में पहुंच कर सभी वर्ग के लोगों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े का वितरण किया। पुलिस कप्तान के दिशा-निर्देशन में किए गए पुलिस के कार्यों की ग्रामिण क्षेत्रों में काफी सराहना की गई। पूर्व में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम- अभी हाल ही में एसएपी बिलासपुर के दिशा-निर्देशन में जूनापारा चौकी प्रभारी ने 15 से 20 ग्रामों में नशामुक्ति रैलियां एवं सायबर जागरूकता का अभियान चलाया गया था, जिसमें हर ग्राम से लगभम 300 से लेकर 500 लोग शामिल हुए।

## तीन दिनों से लापता था युवक, झाड़ियों में मिली बाइक

# जंगल में मिला पूर्व सरपंच का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर



घटनास्थल पर लगी भीड़ व इनसेट में मृतक एवं बाइक।

3 दिन से लापता ग्राम भैंसाझार निवासी पूर्व सरपंच का शव मंगलवार सुबह जंगल से बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार सूर्या प्रकाश बघेल पिता दशरथ बघेल उम्र 37 वर्ष 3 दिसंबर को दोपहर 12 बजे घर से निकले, लेकिन शाम तक वापस घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। परिजन लगातार फोन पर उनसे संपर्क करने की कोशिश करते रहे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शाम 6 बजे के बाद उनका मोबाइल बंद हो गया, जिसके बाद परेशान परिजनों ने रतनपुर थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज कर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी।

शुक्रवार सुबह सूर्याप्रकाश की खोज करते हुए उनके परिजन भैंसाझार जंगल की ओर पहुंचे, जहां उन्हें झाड़ियों के बीच उनकी मोटरसायकल पैशन सीजी-11 बीएल 6975 मिली। संदिग्ध परिस्थितियों बाइक मिलने पर परिजनों ने आसपास तलाश की तो करीब 200 मीटर दूर नाली में खून से सना सूर्याप्रकाश का शव दिखाई दिखाई दिया। लाश मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी कमलेश बंजारे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही कोटा एसडीओपी लालचंद मोहल्ले फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, और डॉग स्क्वॉड की मदद से आगे की जांच प्रारंभ की गई। सूंघते हुए डॉग घटना स्थल से लगभग 3 किलोमीटर दूर मृतक के घर तक पहुंचा, जिससे पुलिस की जांच को महत्वपूर्ण दिशा मिली। जांच में मिले संकेत के आधार पर पुलिस ने इसे हत्या का मामला मानते हुए जांच तेज कर दी है। संदेहियों से पूछताछ कर पुलिस आरोपी तक पहुंचने की कोशिश में जुट गई है। मृतक सूर्या प्रकाश बघेल भैंसाझार के पूर्व उपसरपंच रह चुके थे। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## 20 लाख की बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी



भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

- तखतपुर विधायक धर्मजीत ने कहा कि नगर निगम का आदर्श जोन बनेगा सकरी

आधारभूत संरचना को मजबूत करने हम निरंतर कार्यरत हैं, हमारा लक्ष्य शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों का चहुमुखी विकास करना है। आज यहां साहू समाज एवं प्राथमिक विद्यालय परिसर में बाउंड्रीवाल होने से ये परिसर सुरक्षित भी होगा, और इस स्थल की सौंदर्यता भी बढ़ेगी।

सकरी जोन पूरे बिलासपुर नगर निगम में आदर्श जोन बनेगा। मेरा ध्येय सिर्फ विकास है, मैं आपके द्वारा चुना गया हूं, तो मेरी जिम्मेदारी है कि, आपकी सुख-सुविधाओं का ख्याल रखकर सामूहिक जरूरतों को पूरा कर सकूं। उक्त बातें शुक्रवार को सकरी वार्ड क्र 1 में आयोजित साहू समाज एवं प्राथमिक विद्यालय दलदलीहापारा के लिए 20 लाख की लागत से बनने वाले बाउंड्रीवाल के शिलान्यास के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने अधिकारियों सको मय-सीमा के कार्य पूरा करने निर्देशित किया। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी, जनपद उपाध्यक्ष तखतपुर राकेश तिवारी, जनपद सभापति अरुण चौहान, भाजपा नेता कृष्ण कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा, पार्षद द्वय किरण राजेंद्र टंडन, कुसुम महाबली कोसले, सरपंच जगतराम साहू, राधिका कौशिक, रोहित साहू, सोनसाय साहू, उदयराम साहू, ध्वजाराम साहू, राजकमल साहू, मनहरण साहू, रामेश्वर साहू, पूर्व पार्षद द्वय संजय यादव, संजय पाल, योगेश साहू, सतीश सोनकर, जितेन्द्र सूर्यवंशी, अमर गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, भानु मिश्रा, पालू पाण्डेय, मुकेश साहू आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रवि मेहर एवं आभार प्रदर्शन जोन कमिश्नर रंजना अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर विनय श्रीवास, रत्ना पाण्डेय, लक्ष्मी साहू, गौरी साहू, दिनेश श्रीवास, संतोष यादव, पवन नवरंग, बलराम सिंह, राधेश्याम यादव, अमृत बिरको, ज्ञान साहू, सुशील साहू, सतीश साहू, विष्णु साहू, रविशंकर साहू, मोहन साहू, रामचंद्र साहू, प्रदीप साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष मनीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में नागरिग एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## अमरकंटक में सुनियोजित विकास की रूपरेखा बनाई गई है: जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



निजी प्रवास के दौरान नगरवासियों के साथ दिलीप जायसवाल।

- निजी प्रवास पर पेंड्रा पहुंचे मप्र के मंत्री जायसवाल

अमरकंटक नगरी के धार्मिक और पर्यटन स्थलों में सुनियोजित तरीके से विकास कार्य कराने की रूपरेखा बनाई गई है। अमरकंटक आने-वाले लोगों के लिए और भी सुविधाओं में वृद्धि की जा रही है। यह बातें 5 दिसम्बर शुक्रवार को अपने निजी प्रवास पर पेंड्रा पहुंचे मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कही।

उन्होंने कहा कि, पर्यटकों को आने-जाने की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से जबलपुर से अमरकंटक के लिए हेलीकाप्टर सेवा शुरू करा दी गई है। उन्होंने कहा कि, हेलीकाप्टर से श्रद्धालु एवं पर्यटक मैकल परिक्रमा भी कर सकते हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश भाजपा सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि, मध्यप्रदेश सरकार जन हितैषी कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि, मध्यप्रदेश में गंभीर मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एयर लिफ्ट की व्यवस्था भी की गई है।

गौरतलब है कि, मंत्री दिलीप जायसवाल अपने निजी प्रवास पर अपनी बहन शकुन्तला जायसवाल, भांजा कुंजन जायसवाल, भांजी अरुणा गणेश जायसवाल पूर्व नपा अध्यक्ष, सत्य नारायण जायसवाल, किरण जायसवाल के घर आए थे। इस दौरान स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य, जिपं उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष हर्ष छाबरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, पूर्व नपा अध्यक्ष विवेक जायसवाल, श्रीकांत ताम्रकार, पार्षद सुनीता गोलू राठौर, वेदराम कोल, राजेन्द्र शर्मा ने मंत्री दिलीप जायसवाल से मुलाकात की।

## 15 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**मुंगेली।** पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों से ब्राउन शुगर सहित नकद, मोबाइल व 1 मोटरसायकल सहित कुल 1 लाख 15 हजार रूपए का सामान जब्त किया गया। एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर जिले में ऑपरेशन बाज के तहत नशे के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 4 दिसम्बर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हई कि, 1 मोटरसायकल में 2 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करते हुए बिलासपुर से मुंगेली तरफ आने वाले हैं। उक्त सूचना पर जिले की साइबर सेल एवं कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने बिलासपुर रोड गीधा बायपास में घेराबंदी कर मोटर सायकल क्र सीजी 11 एके 2166 को रोक लिया। पुलिस ने मोटर सायकल सवार 2 व्यक्तियों की विधिवत तलाशी ली, जिसमें अरोपी आदित्य शर्मा के कब्जे से सीलबंद पालिथीन पैकेट में रखा 10 ग्राम ब्राउन शुगर कीमती 50 रुपए सहित 1 मोबाइल व 600 रुपए नकद एवं घटना में उपयोग की गई बाइक कीमती 30 हजार को जब्त किया गया। इसी तरह दूसरे आरोपी दीपक सिंह छत्री के कब्जे से सीलबंद पैकेट में रखा 5 ग्राम ब्राउन शुगर कीमत 25 हजार नग, 1 एंड्राइड एवं 1 कीपैड मोबाइल एवं 400 नकद जब्त किया गया। इस तरह दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल जुमला कीमती 1 लाख 15 हजार को विधिवत जब्त किया गया।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव में होंगी विभिन्न प्रतयोगिताएं

**मुंगेली।** जिले के युवाओं को कला, प्रतिभा और संस्कृति के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने शासन की ओर से जिला मुख्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 का आयोजन 19 दिसम्बर को किया जाएगा।

## निधन

### पुष्पा बेन त्रिपाठी



**बिलासपुर।** फजल बाड़ा जूना बिलासपुर निवासी पुष्पा बेन त्रिपाठी का 4 दिसंबर को निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 5 दिसंबर को मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद में किया गया। वे राजेश भाई त्रिपाठी, हितेश भाई त्रिपाठी की माता एवं जगदीश भाई त्रिपाठी, गोपाल भाई त्रिपाठी की चाची व राजा, धनंजय, आयुष, देवव्रत, एवं पार्थ की दादी थीं।

### स्मिता तिवारी



**बिलासपुर।** ग्रीन पार्क कालोनी निवासी स्मिता तिवारी का 5 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी शव यात्रा 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सीएम तिवारी की पत्नी एवं स्वर्गीय आरएन दुबे, अनुसूईया दुबे की पुत्री, स्व. संजय दुबे, सौरभ दुबे एवं सोमा मिश्रा की बड़ी बहन थीं।

### रम्भाबाई वैष्णव



**बिलासपुर।** ग्राम बोड़तरा (खाम्ही) निवासी रम्भाबाई वैष्णव का 5 दिसंबर को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे सुग्गादास वैष्णव की पत्नी, बालगोविन्द वैष्णव की माता थीं।

## चक्काजाम के बाद भी नहीं बनी सड़क, हादसों ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली चकरबेढा-कुटेला एवं बूढ़ीखार-जैतपुर मार्ग की जर्जर स्थिति अब गंभीर समस्या बन चुकी है। सड़क निर्माण में हो रही देरी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि, सड़क की मांग को लेकर उन्होंने पहले ही चक्काजाम कर आंदोलन किया था, परंतु विभागीय अधिकारियों ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस खराब सड़क पर कई हादसे हो चुके हैं, गड्ढों और टूटी हुई सड़क के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। विशेष रूप से मोटरसाइकिल चालकों और स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए सबसे ज्यादा खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि, यह सड़क अब दुर्घटना का अड्डा बन चुकी है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे लगातार अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि, यदि जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। अब सड़क की मांग जीवन से जुड़ा मुद्दा बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि, वे आश्वासन नहीं सड़क निर्माण चाहते हैं।

## जेएमपी कॉलेज में एड्स जागरूकता व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर




कार्यक्रम में शामिल अतिथि व शिक्षक।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर की रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा संचालित कैंप के अंतर्गत नगर पंचायत भवन खपरी में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने स्वागत उद्बोधन के साथ किया। मुख्य अतिथि डॉ राजकिरण शर्मा ने एनएसएस स्वयंसेवक दल एवं रेड क्रॉस यूनिट के युवा दल को एचआईवी एड्स के कारण, रोकथाम एवं जागरूकता संबंधी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, एचआईवी एड्स से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता है। डॉ शर्मा ने युवाओं की भूमिका, जिम्मेदारियों एवं जीवन मूल्यों पर भी मार्गदर्शन दिया तथा संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा भी उपस्थित रहे। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाने एवं श्रम के महत्व को समझाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन रेड क्रॉस समिति की संयोजक सिमरन टेकचांदनी ने किया। इस अवसर पर माजिद अली, जिला समन्वयक एनएसएस प्रभारी डॉ डीपी चंद्रवंशी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे, प्राध्यापक डॉ एसके पांडे, अजीत नेताम, प्राची गुप्ता उपस्थित थे।

## लपटी स्कूल में न्योता भोज बच्चों ने चखे स्वादिष्ट भोजन



**लोरमी।** ग्राम नावाडीह के लपटी स्कूल में क्षेत्र के व्यवसायी व सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सलूजा ने अपने जन्मदिवस पर बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। उन्होंने बच्चों को विभिन्न उपहार प्रदान किए, जिससे बच्चों के चेहरे खिल गए। नवाडीह प्राथमिक शाला के 125 बच्चों ने स्नेहपूर्वक स्वादिष्ट व्यंजन लुफ्त उठाया, साथ ही व्यवसायी अनिल सलूजा ने अपने इष्ट मित्रों के साथ बच्चों के बीच बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस अवसर प्रधान पाठक रेखा शर्मा, अनिल सलूजा, मदन गोपाल तिवारी, सरपंच कीरित यादव, प्रेस क्लब सचिव नूतन गुप्ता, पत्रकार प्रशांत शर्मा,जितेंद्र पाठक, प्रमोद जायसवाल,राहुल यादव, लक्ष्मी गुप्ता, योगेश मौर्य, कमलेश श्रीवास, पंकज निर्लमकर, मनोज राजपूत, सीकू साकत, सागर श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे। इसके आलवा श्री सलूजा ने बिलासपुर मातृ छाया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल एवं कंबल वितरित किया।

फार्म 37
[नियम 61 (3 देखें)]
**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है**
**वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय **जांजगीर-चांपा**
रेफरी संख्या 1100 दिनांक 21/11/2025
श्री/श्रीमती/कुमारी **श्री सालासार ट्रेडर्स** (रजिस्टर्ड मालिक) है/ एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कं.लि. (Financio) है/ने सूचित किया है कि उसने/उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 11 बीएफ 9936** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे / उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।
2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।
**पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर**

**शपथपत्र**
मैं गीता नरेश बलवानी, उम्र 55 वर्ष, पति नरेश बलवानी, निवासी सिंधी कॉलोनी गुरूनानक वार्ड, भंडारा तहसील भंडारा एवं जिला भंडारा (महाराष्ट्र.) की हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूं कि :-
1. यह कि मेरा नाम गीता नरेश बलवानी, है और उपरोक्त पते की निवासी हूं। 2. यह कि भारतीय जीवन बीमा में मेरी पालिसी है, जिसका पॉलिसी नंबर 386176197 है जिसमें मेरा नाम उषा रानी बलवानी, दर्ज है, जो कि शादी के पूर्व नाम उषा रानी बलवानी था, अब शादी के बाद मेरा सही नाम गीता नरेश बलवानी, दर्ज किया जावे, जो कि आधार कार्ड, बैंक खाता एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम गीता नरेश बलवानी, दर्ज है। 3. यह कि इस प्रकार से उषा रानी बलवानी, और गीता नरेश बलवानी, मेरे ही नाम है इस प्रकार दोनो ही नाम एक ही महिला का नाम है, अर्थात एक ही महिला के है, अलग या दूसरा नहीं है। 4. यह कि उक्त भारतीय जीवन बीमा के बांड में मेरा नाम उषा रानी बलवानी, दर्ज है, जिसे विलोपित कर गीता नरेश बलवानी, दर्ज किया जावे। 5. उक्त कथन के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।
**शपथकर्ता- गीता बलवानी**

**संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**धारा-30 (ख) के अधीन भूखण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**
जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री जगदीश रायकेश पिता श्री चंदर लाल रायकेश एवं आस्था रायकेश पति जगदीश रायकेश निवासी हाउस नं. 451, शंकर नगर, मेघना बीड़ी डीपो के पास, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) ग्राम-तिफरा का आवेदन दिनांक 05.09.2025 द्वारा ग्राम-तिफरा के खसरा क्रमांक 104/7,103/6, कुल रकबा 618.72 वर्गमीटर हेतु पत्र क्रमांक 8598, दिनांक 25.05.2018 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भखण्ड क्रमांक F-21, F-22, क्षेत्रफल 618.72 वर्गमीटर के स्वामी है और उनके द्वारा उपरोक्त भूखंडों के विलय हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।
कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा संविलियन किये जा रहे भूखंडों का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, द्वितीय तल, कलेक्ट्रेट परिसर, बिलासपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।
**प्र. संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश, बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है की मौजा ग्राम बेलटूकरी हल्का नंबर 00022 रा.नि., गनियारी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 14/5 रकबा 0.2510 हेक्टेयर भूमि स्वामी इंद्रजीत वीरेंद्र पिता जमुना शंकर व खसरा नंबर 30/1 रकबा 0.9260 हेक्टेयर भूमि स्वामी किरन इति श्री पिता जमुना शंकर दोनों निवासी ग्राम बेल टोकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर जिसे (1) नुरुल हुदा पिता मरहूम मोहम्मद जाहिद पता तालापारा ताज मस्जिद (2) समीर मोहम्मद पिता शमीम मोहम्मद पता जरहा भाटा मंदिर चौक (3) आसिफ इराकी पिता अब्दुल कय्यूम पता भारती नगर (4) अहमद रज़ा पिता गोकूल प्रसाद देवांगन पता तालापारा के द्वारा क्रय किए जाने का पक्का सौदा किया गया है यदि किसी भी प्रकार से व्यक्ति संस्था निकाय बैंक को उपरोक्त उल्लेखित भूमि के व भूमि विक्रेताओं के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के तहत 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति दावा दस्तावेज सहित आपत्ति दर्ज करें अन्यथा पश्चात किए जाने वाले आपत्ति पर अमान्य माना जायेगा तथा विक्रेता के द्वारा पक्ष में क्रेता को रजिस्ट्री दे दिया जायेगा सूचना जाने।
8349608552/9589721532/9300279336/8770908880
दिनांक 05/12/2025, बिलासपुर छत्तीसगढ़
**अधिवक्ता-नाज़ीम खान**
**तैबा चौक, तालापारा रोड, बिलासपुर छत्तीसगढ मो. 9074395949**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)**
सोनाली कुलमित्र वगै. .......आवेदिकागण
विरुद्ध
कमलकांत कुलमित्र वगैरह ....अनावेदकगण
उत्तराधिकारी प्रकरण क्र0 07/2025
पेशी तारीख 15-12-2025
**ईश्तहार**
प्रति,
आवेदिकागण सोनाली कुलमित्र पति स्व. अखिलेश कुलमित्र तथा आस्तिक कुलमित्र पिता स्व. अखिलेश कुलमित्र के द्वारा अपने पति व पिता स्व. अखिलेश कुमार कुलमित्र की मृत्यु हो जाने के कारण उसके उत्तराधिकारी की घोषणा के लिये व उनके नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग. में चल रहे बीमा पॉलसी कमांक 358475298, 358475297, 358475296, तथा 358475294 की दावा राशि के भुगतान प्राप्त करने के संबंध में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने माननीय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली मे आवेदन पेश किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 15/12/2025 को नियत है जिस हेतु किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो उपरोक्त नियत पेशी दिनांक 15/12/2025 को उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक 15/12/2025 को इस न्यायालय में कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।
अतः दावा रखने वाले व्यक्ति पेशी दिनांक 15/12/2025 को ठीक सुबह 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं अन्यथा प्रकरण में अग्रिम सुनवाई किया जावेगा।
अतः आज दिनांक मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा जारी किया गया है।
जसविंदर कौर अजमानी मलिक
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
मुंगेली छ.ग.

**खबर संक्षेप**

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर।** नेशनल हाईवे 49 में दर्दनाक हादसे में बाइक सवार को जान गंवानी पड़ी है। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही चकरभाठा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान अकलतरा निवासी रमेश निषाद के रूप में की गई है। नेशनल हाईवे में लगातार हादसे हो रहे। नेशनल हाईवे क्रमांक 49 पर गुरुवार शाम की दुर्घटना में लिमतरा नांदघाट के अकलतरा निवासी रमेश निषाद की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मुड़ीपार टोल प्लाज़ा के पास अज्ञात वाहन ने उसे साइड से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रमेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी लगते ही परिजन चकरभाठा थाना पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। आसपास लगे कैमरों के आधार पर वाहन की पहचान की जा रही है।

### पाक्सो एक्ट के आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को भगाने वाले युवक को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी युवक के कब्जे से नाबालिग को बरामद कर लिया गया है। मामले के अनुसार नाबालिग लड़की की मां ने सरकंडा थाना में बेटी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार नाबालिग की उम्र 14 वर्ष है और 1 दिसंबर की दोपहर आरोपी युवक के साथ चली गई थी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि अपहृत नाबालिग लड़की पहचान के युवक शुभम ठाकुर के साथ है और दोनों घर में नहीं है। इस दौरान पुलिस की भनक लगते ही युवक अपहृत नाबालिग लड़की को घर में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों के सामने लड़की से पूछताछ की । इस दौरान उसने बताया कि युवक ने शादी कर पत्नी बनाने का झांसा देकर बहला फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाया है। इस दौरान पुलिस ने शुभम ठाकुर की पतासाजी शुरू की और मुखबीर से सूचना मिलने पर शुभम पिता दिलीप ठाकुर उम्र 22 वर्ष, निवासी भूकम्प अटल आवास म.नं. आई/6, बहतराई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### निर्वाचन के लिए नामांकन 8 को

**बिलासपुर।** बुनकर सहकारी सोसाइटी मर्या. बिलासपुर का निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार संचालक मंडलों के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 8 दिसम्बर को नामांकन पत्र प्राप्त किया जाएगा। 19 दिसम्बर को आमसभा कर निर्वाचन हेतु मतदान एवं मतगणना और 29 दिसम्बर को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा।

### एक्वाकल्चर बीमा योजना का मिल रहा लाभ

**बिलासपुर।** जिले के मछली पालन विभाग को वर्ष 2025-26 के लिए एक्वाकल्चर बीमा योजना अंतर्गत कुल 10 हेक्टेयर जल क्षेत्र का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके तहत बिल्हा एवं मस्तूरी में 2.5-2.5 हेक्टेयर, कोटा एवं तखतपुर में 1.5-1.5 हेक्टेयर तथा रतनपुर एवं तखतपुर (स) में 1-1 हेक्टेयर क्षेत्र चयनित किया गया है। उप संचालक मछलीपालन के अनुसार यह बीमा योजना प्रधानमंत्री मत्स्य समृद्धि सहयोजना के तहत एनएफडीपी के माध्यम से एकमुश्त प्रदान की जाएगी। एक हितग्राही अधिकतम 4 हेक्टेयर क्षेत्र तक योजना का लाभ ले सकता है।

**प्रत्येक गुरुवार को शाम 4 से 5 बजे निगम कमिश्नर करेंगे सुनवाई** | **अवैध निर्माण जो पूरा हो चुका है या फिर निर्माणाधीन है, उसका होगा निराकरण**

# अवैध निर्माण को वैध करने का अवसर, राजीनामा के जरिए निगम करेगा निराकरण

**बिलासपुर।** ऐसे भवन मालिक जिन्होंने निगम से बिना अनुमति लिए या फिर नियम विपरित भवन निर्माण करा लिया है,उनके लिए नक्शा पास समेत भवन को वैध कराने का अवसर नगर निगम देने जा रहा है। प्रत्येक गुरूवार को शाम 4 से 5 बजे ऐसे प्रकरणों की सुनवाई होगी और राजीनामा के ज़रिए निराकरण किया जाएगा।

सुनवाई निगम कमिश्नर की मौजदूगी में होगी। इसमें ऐसे प्रकरण भी शामिल हैं जिनका निर्माण प्रारंभ है और बिना अनुमति या नियम विपरीत हैं,उनका भी निराकरण किया जाएगा। इसके लिए निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सभी जोन कमिश्नर,भवन शाखा और संबधित इंजीनियरों को ऐसे सभी अवैध निर्माण का चिन्हांकन कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे सभी अवैध निर्माण जो




राजीनामा योग्य हैं उनका विकास शुल्क एवं राजीनामा शुल्क लेकर नियमित किया जाएगा। सुनवाई के दौरान भवन मालिक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंगे। निगम कमिश्नर ने नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 308(क) के तहत राजीनामा प्रकरण का निराकरण करते हुए नियमित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट कहा गया है कि सामने के खुला क्षेत्र जो भवन अनुज्ञा के लिए निर्धारित होते हैं, उसका एवं पार्किंग का कड़ाई से पालन कराया जाना है। मार्ग संरचना की गई कॉलोनियों के संबंध में भी जो एम.आई.सी. द्वारा विकास शुल्क निर्धारित किया गया है वह राशि निगम कोष में जमा कराकर भवन अनुज्ञा जारी किया जाए एवं ऐसे क्षेत्र जो अर्धविकसित एवं विकसित हो गये हैं, उसके संबंध में विकास शुल्क प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है। राजीनामा सुनवाई के बाद भी किसी भवन मालिक द्वारा अपने अवैध निर्माण को वैध नहीं कराया जाता है तो निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

#### इस प्रकार का होगा शुल्क

छ.ग. शासन नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत नगर पालिक निगम अधिनियम 2015(संशोधित) के अनुसार अवैध निर्माण को नियमित करने के लिए निम्न शुल्क तय है। इसमें

- 100 वर्गमीटर तक-अनुज्ञा शुल्क का 15 गुणा
- 100 वर्गमीटर से अधिक किंतु 200 वर्गमीटर से कम- अनुज्ञा शुल्क का 20 गुणा
- 200 वर्गमीटर से अधिक किंतु 300 वर्गमीटर से कम-अनुज्ञा शुल्क का 25 गुणा
- 300 वर्गमीटर से अधिक किंतु 400 वर्गमीटर से कम-अनुज्ञा शुल्क का 30 गुणा
- 400 वर्गमीटर से अधिक किंतु 500 वर्गमीटर से कम-अनुज्ञा शुल्क का 35 गुणा
- 500 वर्गमीटर से अधिक किंतु 600 वर्गमीटर से कम-अनुज्ञा शुल्क का 40 गुणा
- 600 वर्गमीटर से अधिक किंतु 700 वर्गमीटर से कम-अनुज्ञा शुल्क का 45 गुणा
- 700 वर्गमीटर से अधिक-अनुज्ञा शुल्क का 50 गुणा

**सब्जी व्यापारियों को 9 दिसंबर तक दस्तावेश पेश करने कहा गया**

# बृहस्पति बाजार में देर शाम मचा हड़कंप, 450 चबूतरे वालों को नोटिस, निगम टीम का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाजार के 450 से अधिक चबूतरे वालों को नगर निगम की ओर से शुक्रवार की शाम नोटिस देकर दस्तावेज पेश करने कहा गया। इससे हड़कंप मचा रहा। कुछ व्यापारियों ने तो घेराव भी कर दिया और हंगामा होने लगा। बाद में निगम की ओर से समझाया गया कि यह नोटिस किसी दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए नहीं है बल्कि बाजार को व्यवस्थित करने की दिशा में प्रारंभिक कदम है। जिन लोगों के पास दस्तावेज होंगे और उन्हें विधिवत जगह दी जाएगी। सभी कागज 9 दिसंबर तक पेश करने कहा गया है। निगम की टीम ने मुश्किल से पंचनामा किया और रिपोर्ट तैयार की। कहा जा रहा है कि अब इसी जगह पर निगम द्वारा नया सब्जी मार्केट तैयार किया जाएगा। इससे पहले इन दुकानों को तोड़ने के साथ ही चबुतरों को भी हटाया जाएगा।

- इसी जगह पर निगम द्वारा नया सब्जी मार्केट तैयार किया जाएगा

शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। जिला खनिज न्यास (डीएमएफ फंड) से 13 करोड़ 39 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिल गई थी। ठेका प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी लेकिन निगम दो सालों में इसके लिए जगह ही तय नहीं कर सका। इसलिए योजना पर आगे काम नहीं बढ़ सका। अब अधिकारी इसे नए सिरे से शुरू करने की बात कह रहे हैं। इसके लिए निगम की टीम मंगलवार की शाम बृहस्पति बाजार पहुंची और दुकानों का सर्वे करना शुरू किया। इस दौरान दुकानों में क्या कारोबार हो रहा, किराएदार है कि मालिक और कितने वर्गफिट की दुकानें हैं कि रिपोर्ट तैयार की गई।





बृहस्पति बाजार के व्यापारियों को नोटिस देते नगर निगम का अमला।

#### लाइसेंस, रसीद या आबंटन दस्तावेज पेश करने कहा

निगम ने कहा है कि क्षेत्र का योजनाबद्ध पुनर्विकास करना अनिवार्य हो गया है, ताकि एक और आमजन के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुगम मार्ग उपलब्ध हो। साथ हीपात्र चबूतरा लाइसेंस धारकों,सब्जी विक्रेताओं को बेहतर जगह मिल सके। इस उद्देश्य से, एक नया कॉम्प्लेक्स, मार्केट कॉरिडोर का अनुमोदन हो चुका है। इसी प्रस्तावित योजना के अंतर्गत, दस्तावेजों की जांच, पात्रता निर्धारण के अनुरूप, वर्तमान में वैध रूप से कार्य कर रहे चबूतरा लाइसेंसी / सब्जी विक्रेताओं के पुनर्स्थापन की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। निगम ने सब्जी व्यापारियों से चबूतरा लाइसेंस, अनुमति पत्र, पहचान पत्र, शुल्क, लाइसेंस फीस, जमा रसीदें, किसी पूर्व आवंटन, नवीनीकरण आदेश के दस्तावेज पेश करने कहा है।

#### 450 चबूतरे और 32 गोदामनुमा दुकानें

गौरतलब है कि मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें हैं लेकिन, चिल्हर में सब्जी बेचने वालों की संख्या 600 से ज्यादा है।ऐसे में इन्हें बाजार के बाहर सड़क किनारे अस्थायी सब्जी दुकान लगानी पड़ती है। इसी तरह ऐसे भी सब्जी बेचने वाले हैं, जिन्हें दुकान लगाने के लिए जगह तक नहीं मिल पाती। ऐसे में इन्हें फेरी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सब्जी खरीदने पहुंचने वालों को भी अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। इस तरह की दिक्कतों को देखते हुए ही डीएमएफ फंड से मल्टी लेवल सब्जी बाजार निर्माण का निर्णय लिया गया था। इसके बाद लेकिन सब कुछ कागजों में ही रह गया।

#### पूरे परिसर में गंदगी

निगम ने जो नोटिस दिया है उसमें लिखा है कि क्षेत्र में लगातार कई आगजनी की घटनाएं घटित हुई हैं, जिसके कारण यह क्षेत्र व्यापार एवं आवागमन दोनों के लिए अत्यधिक जोखिमपूर्ण हो गया है। अत्यधिक भीड़भाड़, असंगठित ठेलों / चबूतरों की स्थिति तथा आपातकालीन मार्गों के अवरुद्ध होने से अग्निशमन वाहन व एंबुलेंस जैसी सेवाओं के संचालन में भी कठिनाई उत्पन्न होती है। इसके साथ ही अस्वच्छ वातावरण तथा अतिक्रमण की स्थिति के मद्देनज़र पुनर्विकास प्रस्तावित है। इस बाजार को संरक्षित रखना भी आवश्यक है। निगम का कहना है कि खुले में सड़ता कचरा, सब्ज़ी के अवशेष, पानी का ठहराव, तथा नालियों का अवरुद्ध होने से जो मच्छरों, रोगों एवं संक्रमण के फैलाव को बढ़ावा मिल रहा है। इसके साथ ही कुछ चबूतरा लाइसेंस धारकों द्वारा स्वीकृत चबूतरा / स्थान से अधिक क्षेत्र पर कब्जा किए जाने, आसपास के पैदल मार्गों पर अपना सामान बढ़ाकर रखने, तथा किसी-किसी स्थान पर लाइसेंस या अनुमति के बिना अन्य व्यक्तियों को बैठने / बेचने के लिए स्थान देने जैसी स्थितियां भी सामने आई हैं।

**आटो में गाय लेकर कलेक्टोरेट पहुंची महिला**

# शासकीय पशु चिकित्सक ने इलाज से किया इनकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नार्मल डिलीवरी में अक्षम गाय की ऑपरेशन से डिलीवरी कराने श्याम टॉकीज के पीछे स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय पहुंची महिला को ड्यूटी में तैनात डॉक्टर ने चलता कर दिया। शर्मनाक बात यह है कि उन्होंने महिला को निजी डाक्टर का नाम, पता और मोबाईल नंबर भी उपलब्ध करा दिया। नाराज महिला गाय को आटो में भरकर शिकायत करने सीधे कलेक्टोरेट पहुंच गई।

- श्याम टॉकीज स्थित पशु अस्पताल का हाल-बेहाल

शासकीय संस्थानों में मोटी तन्ख्वाह में पदस्थ कर्मचारी व अधिकारी किस कदर निरंकुश हो चुके हैं इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार को देखने को मिला। गोलबाजार निवासी वंदना गुप्ता नामक महिला अपनी गाय लेकर श्याम टॉकीज के पीछे स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उक्त गाय बचपन में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिससे उसकी कमर चिपक गई है और वह नार्मल डिलीवरी के लिए सक्षम नहीं है। ऐसे में गाय का आपरेशन कर डिलीवरी कराना होगा। इतना सुनना था कि वहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर ने अस्पताल में ऑपरेशन के लिए कोई सुविधा नहीं होने की बात कहते हुए महिला को चलता कर दिया। साथ ही निजी अस्पताल ले जाकर इलाज कराने के लिए कुछ डाक्टरों का नाम, पता और मोबाईल नंबर भी दे दिया।

इस बात से नाराज महिला ने गाय को आटो में भरकर इस बात की शिकायत कलेक्टर से करने की ठानी और सीधे कलेक्टोरेट पहुंच गई। कलेक्टर तो मीटिंग में थे, जिससे उनसे मुलाकात नहीं हो सकी, लेकिन महिला ने परिसर में खासी नाराजगी जाहिर की। उक्त महिला उस समय तो गाय को तत्काल इलाज की जरूरत होने के कारण निजी अस्पताल ले गई, लेकिन बाद में वापस कलेक्टोरेट आकर कलेक्टर से मिलने की बात भी कही। इस संबंध में पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त संचालक जीएस तंवर से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।

## बिना नंबर प्लेट की बाइक ने सिम्स के सुपरवाइजर को मारी टक्कर, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

काम खत्म कर बाइक से अपने गांव जा रहे दो युवकों को लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए चालक ने ठोकर मार दी। इस दौरान बाइक चालक दो युवक सड़क पर गिर गए। इसमें से एक सिम्स का सुपरवाइजर है। वहीं दुर्घटना से घायल एक अन्य युवक को शरीर के कई हिस्से में चोट आई है।

घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गोड़पारा की है। पुलिस के अनुसार ग्राम भाड़ी सीपत निवासी आशीष बिजौरे सिम्स का सुपरवाइजर है ।3 दिसंबर की रात 8 बजे सिम्स से ड्यूटी कर अपने दोस्त उमेश सूर्यवंशी के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 बीटी 9313 से गोड़पारा स्थित सांई मंदिर पहुंचे थे। इस दौरान बिना नंबर की बाइक सवार तेज और लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए दोनों बाइक सवार को ठोकर मार दिया। एक्सीडेंट के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। इस दौरान आशीष को सिर और सिने में चोट आई। इस दौरान आरोपी बाइक सवार ने अपना नाम दीप कौशिक बताया। दोनों घायल युवकों को उनके दोस्तों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से छुटने के बाद युवक ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एडवोकेट के सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, 2 लाख का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अज्ञात चोरों ने एडवोकेट के सूने मकान से 2 लाख का माल पार कर दिया है। एडवोकेट ने घटना की रिपोर्ट सिरगिट्टी थाने में की है। पुलिस मामले में जांच शुरू कर दी है।

- तिफरा स्थित अभिलाषा परिसर का मामला

मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के तिफरा स्थित अभिलाषा परिसर का है। दरअसल अभिलाषा परिसर के एमआईजी 1/25 में रहने वाले ज्ञान प्रकाश पेशे से एडवोकेट हैं। वे शादी में शामिल होने के लिए 29 नवंबर को बनारस गए हुए थे। इस दौरान उनके मकान में कोई नहीं था। अज्ञात चोरों ने सूने मकान में 2 लाख का माल पार कर दिया है। पुलिस के अनुसार 4 दिसंबर को कामवाली बाई सुबह 6.30 बजे घर पहुंची। उसी ने ही ज्ञान प्रकाश को फोन पर चोरी की जानकारी दी। घटना 4 से 5 दिसंबर के बीच की है। जहां अज्ञात चोरों ने घर का दरवाजा तोड़ और खिड़की का ग्रिल उखाड़ कर घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान सूने मकान से चोरों ने लैपटाप, स्कूटी की चाबियां, चांदी का बिछया, कटोरी, पायल, 18 सिक्के, थाली, चम्मच, करधन, कड़ा, हार्डडिक्स, 3 मोबाइल, घड़ी, पेन ड्राइव, परफ्यूम, 3000 नगद सहित 2 लाख रूपए का माल पार कर दिया है। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट लिखकर मामले की जांच कर रहा है।

## बच्ची का सिम्स में सफल ऑपरेशन



**बिलासपुर।** 20 दिन की बच्ची के पलक के आपस में जुड़े होने की अत्यंत ही दुर्लभ अवस्था से पीड़ित थी। इस दौरान नवजात पूरी तरह से आंखे नहीं खोल पा रही थी। डाक्टरों ने समस्या को देखते हुए आपरेशन कर बच्ची की आंखों में प्रकाश लाने का प्रयास किया है ।

सिम्स नेत्र विभाग की सर्जन डॉ. प्रभा सोनवानी, डॉ. आरुषि एवं डॉ. श्रद्धा की टीम ने इस जटिल एवं अत्यंत गंभीर शल्यक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया। ऑपरेशन के बाद बच्ची की पलकें सामान्य रूप से खुलने लगी है। इस दौरान आँखों में दृष्टि आने की पूरी उम्मीद है। इस प्रक्रिया में नर्सिंग स्टाफ संदीप कौर, सुनीति चंचल एवं लक्ष्मी का योगदान रहा। शल्यक्रिया नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. सुचिता सिंह के मार्गदर्शन में किया गया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## सीजीएमएससी के चेयरमैन ने देखा कैंसर अस्पताल का निर्माण कार्य

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉरपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन दीपक महस्के पहली बार बिलासपुर पहुंचे।

इस दौरान वे सीधे सिम्स अस्पताल और कालेज पहुंचें और प्रभारी डीन डॉ अर्चना सिंह व अन्य डाक्टर और अधिकारियों के साथ बैठक ली और जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद कोनी स्थित निर्माणधीन कैंसर अस्पताल पहुंच निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य खत्म करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। वहीं प्रशासनिक कार्य में हो रही देरी को



लेकर राज्य स्तरीय अधिकारियों से मुलाकात करने की बात कही है।

सीजीएमएससी के चेयरमैन दीपक महस्के शुक्रवार की सुबह 10 बजे निरीक्षण के उद्देश्य से सिम्स पहुंचे। इस दौरान प्रभारी डीन डॉ अर्चना सिंह, अधीक्षक डॉ लखन सिंह, सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ बीपी सिंह, कैंसर अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉ चंद्रहास ध्रुव, डॉ भूपेंद्र कश्यप सहित अन्य डाक्टर से मिलाकात की। खास बात यह है श्री महस्के ने सीजीएमएससी के संभागीय अधिकारियों की बैठक ली, करीब 3 घंटे तक चले इस बैठक में संभाग में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति और अन्य विषयों पर चर्चा की और जल्द से जल्द काम खत्म करने के निर्देश दिए। इसके बाद श्री महस्के कोनी स्थित निर्माणधीन कैंसर अस्पताल पहुचे और निर्माण का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को अप्रैल तक 100 फीसदी निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए।




Saralya
ACHANAKMAAR FOREST RESORT
A PREMIUM ESCAPE
IN THE
HEART OF THE FOREST
10 ACRES OF PURE NATURE, LUXURY & PEACE
• SPACIOUS SUITE ROOM
• ELEGANT DELUXE ROOMS
• TREE HOUSES
• RESTAURANT & OUTDOOR DINING SPACES
• EVENT LAWN & GATHERING AREA
• INFINITY SWIMMING POOL
• KITTY PARTY HALL
• ADVENTURE PLAY AREA
• INDOOR PLAY AREA
• BONFIRE AREAS
• FREE WI-FI & ROOM SERVICE
• AMPLE PARKING SPACE
OPEN NOW
ACHANAKMAAR
Contact Us
+91 96942-65000
+91 96491-65000
Visit Us
VILLAGE SHIVTARAI, KOTA, BILASPUR (CG)